कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
मेरी माटी - मेरा देश

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा ''आजादी का पर्व -मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग की छात्राओं ने इस अवसर देश भक्ति से परिपूर्ण नृत्यों का की रंगारंग प्रस्तुति की गई।

माँ सरस्वती एवं नटराज के दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय में नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला जैसे विषय अलग ही पहचान रखते हैं। ये स्वरोजगार परक विषय है। हर्ष की बात है कि महाविद्यालय मे छात्राओं का इस विषय को लेकर अत्यधिक रुझान भी दिखता है। कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने नृत्य के शारीरिक और मानसिक लाभ पर चर्चा करते हुये इसे व्यक्तित्व विकास में सहायक बताया।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि आजादी के पर्व के साथ ही आज प्रथम वर्ष की छात्राओं का स्वागत दीक्षारम्भ के रूप मे किया जा रहा है। प्रथम वर्ष की छात्राओं ने शिवस्तुति एवं तत्त अड़वु, नाट्ट अड़वु का प्रदर्शन किया। कु. ओमिशा ने छत्तीसगढ़ी तथा सौमिली ने बंगला नृत्य, कु. जान्हवी ने देशरंगीला तथा उर्मिला ने संस्कृत पदावली में एकल नृत्य की प्रस्तुति की जो कि सराहनीय रही। कु. हेमा ने विभिन्न - छत्तीसगढ़ी लोककला की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. कामिनी, कशिश, हेमा एवं कल्पना ने छत्तीसगढ़ी गीतों के समूह की सुंदर प्रस्तुति दी। अंत में मौसमी, उर्वशी एवं निशा की त्रिवेणी ने देशभक्ति पूर्ण नृत्य श्रृंखला से सम्पूर्ण वातावरण को अल्हादित कर दिया।

इस अवसर छात्राओं सहित डॉ. तृप्ति खरे, श्री लावेन्द्र, ईशा देशमुख एवं विमल यादव उपस्थित रहे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में
मेरी माटी - मेरा देश